## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–21.06.2025 (संध्या–1900 बजे)

## मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–विश्व के विभिन्न हिस्सों में बढ़ते तनाव के बीच शांति का मार्ग दिखाता है योग, व्यक्तिगत अभ्यास के बदले इसे वैश्विक साझेदारी का माध्यम बनाने की जरूरत।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रकृति के साथ सहजता को बताया योग का वास्तविक स्वरूप, योग दिवस पर केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने देवघर और संजय सेठ ने रांची में किया योगाभ्यास।**
3. **राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शैक्षणिक संस्था आईसीएआई के राष्ट्रीय सम्मेलन का किया उद्घाटन, राज्य सरकार और उद्योगों के साथ भागीदारी के नए रास्ते तलाशने का किया आह्वान।**
4. **राज्य के परिवहन, राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा– राज्य सरकार व्यवसाइयों की समस्याओं के प्रति गंभीर, जल्द ही जीएसटी समेत अन्य समस्याओं का निकलेगा हल।**
5. **मौसम विभाग ने गढ़वा, पलामू, देवघर और दुमका समेत आसपास के जिलों में कल और परसों बारिश और वज्रपात की जताई संभावना।**

***************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विश्व के विभिन्न भागों में तनाव, अशांति और अस्थिरता की स्थिति है, ऐसे में योग शांति का मार्ग दिखाता है। आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व करते हुए प्रधानमंत्री ने विश्व समुदाय से योग दिवस को मानवता के लिए मनाने का विशेष आह्वान किया, जहां आंतरिक शांति, वैश्विक नीति बने।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थान योग अनुसंधान में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं, जिसका उद्देश्य समकालीन चिकित्सा पद्धतियों में इसकी वैज्ञानिक प्रासंगिकता स्थापित करना है।

***************************

झारखंड में भी सभी जिलों में पूरे उत्साह के साथ योग दिवस मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम रांची के बिरसा मुंडा फन पार्क में हुआ, जहां स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी समेत कई मंत्रियों और विधायकों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने सन्देश में प्रकृति के साथ सहजता को ही योग का वास्तविक स्वरूप बताया। इधर, अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देवघर में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और रांची में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सामूहिक योगाभ्यास किया।

***************************

योग दिवस पर रांची स्थित केंद्रीय संचार ब्यूरो ने योगदा सत्संग महाविद्यालय धुर्वा में दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम सह चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस अवसर पर **पदमश्री महावीर नायक** ने कहा कि योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर हम स्वस्थ और प्रसन्न रह सकते हैं। वहीं, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर डी के सिंह ने कहा कि एलोपैथी के डॉक्टर होने के बावजूद समय–समय पर वे अपने पेशेंट्स को दवा के अलावा योग के विभिन आसनों को अपनाने की सलाह देते हैं ताकि उन्हें जल्द स्वस्थ लाभ मिल सके।

***************************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज रांची में द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, आईसीएआई की ओर से आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। राज्यपाल ने आईसीएआई जैसी संस्थाओं से राज्य सरकार और उद्योगों के साथ भागीदारी के नए रास्ते तलाशने का आह्वान किया।

***************************

राज्य के परिवहन, राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा है कि राज्य सरकार व्यवसाइयों की समस्याओं के प्रति गंभीर है और जल्द ही उनका निदान निकाला जाएगा। श्री बिरुआ आज जमशेदपुर में सिंहभूम चौंबर ऑफ़ कॉमर्स परिसर में मानसून ट्रेड फेयर के उद्घाटन के बाद लोगों को सम्बोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि व्यवसायियों से उन्हें जीएसटी समेत अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी मिली है, जिसपर वे वित्त मंत्री और मुख्यमंत्री, दोनों से बाचतीत करेंगे।

कार्यक्रम में जुगसलाई के विधायक मंगल कालंदी और इचागढ़ की विधायक सविता महतो भी उपस्थित थीं।

**********************

गिरिडीह के डुमरी से विधायक जयराम महतो ने कहा है कि झारखंड राज्य के गठन होने के बाद अब तक राज्य को बेहतर नेतृत्व नहीं मिल सका, जिस कारण यह राज्य देश के शीर्ष राज्यों में कभी शामिल नहीं हो सका। जयराम आज पलामू में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

**********************

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स स्टार्ट–अप चौलेंज शुरू किया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इसका उद्देश्य भारत के रूफटॉप सौर और वितरित ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र में तेजी लाना है।

*********************

धनबाद जिले के जनजातीय बहुल 196 गांवों में 30 जून तक धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान का आयोजन किया जा रहा है। बलियापुर प्रखंड के अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य पिछड़ों और सुदूर गांव में रहने वाले आदिवासी समाज के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।

**********************

हजारीबाग जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र में बीत रात गश्त के दौरान एक वाहन की चपेट में आ जाने से एक पुलिस जवान की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। इधर, कटकमदाग थाना क्षेत्र स्थित बानादाग साइडिंग में आज सुबह एक जवान की गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद साजिद ने बताया कि हादसे के समय जवान ड्यूटी पर था, लेकिन अचानक फिसलकर गिरने के दौरान उनकी राइफल से गोली चल गई।

**********************

मौसम विभाग ने गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, देवघर और दुमका समेत आसपास के जिलों में कल और परसों बारिश और वज्रपात की संभावना जताई है। वहीं, राजधानी रांची समेत आसपास के जिलों में 24 जून से भारी बारिश होने की संभावना है।

**********************